# द्वितीय आवधिक परीक्षा 2023-24

कक्षा-9.          विषय - हिन्दी

समय 1:30 घंटे                                                  पूर्णांक 40

प्रश्न -1 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखिए। 1×5=5

मानुष हौ तो वही रसखानि बसों ब्रज गोकुल गांव के गवारन।
जौ पसु हौ तो कहा बस मेरो चरौ नित नंद की धेनु मंझारन।
पाहन हौ तो वही गिरि को जो कियो हरि छत्र पुरंदर धारन ।
जो खग हौ तो बसेरो करौ मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन ।

1-रसखान मनुष्य- रूप में कहां बसना चाहते हैं -

क-मथुरा में    ख-काशी में    ग- गोकुल गांव में    घ- बरसाने में।

2- रसखान किस पर्वत का पत्थर बनना चाहते हैं -

क हिमालय का    ख। गोवर्धन पर्वत का    ग। नीलगिरि का    घ। मैनाक पर्वत का

3-पुरंदर शब्द का अर्थ है-

क शिव    ख विष्णु    ग। इंद्र    घ गणेश

4- पक्षी बनकर रसखान कहां रहना चाहते हैं-

क यमुना के किनारे कदम की डाल पर    ख तालाब के किनारे कुंजो में

ग गंगा के किनारे पीपल पर    घ किसी पेड़ की कोटर में ।

5- कालिंदी कूल कदम की धरण में अलंकार है-

क अनुप्रास    ख यमक    ग श्लेष    घ उत्प्रेक्षा ।

प्रश्न 2-निंलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए।1×5=5 ।

हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति है । हम आधुनिकता के झूठे प्रतिमान अपनाते जा रहे हैं। प्रतिष्ठा की आंधी प्रतिस्पर्धा में जो अपना है उसे खोकर छद्म आधुनिकता की गिरफ्त में आते जा रहे हैं । संस्कृति की नियंत्रक शक्तियों के क्षीण हो जाने के कारण हम दिग्भ्रमित हो रहे हैं । हमारा समाज ही अन्य - निर्देशित होता जा रहा है । विज्ञापन और प्रसार के सूक्षम तंत्र हमारी मानसिकता बदल रहे हैं। उनमें सम्मोहन की शक्ति है वशीकरण की भी।

1- हम अनुकरण की संस्कृति क्यों अपना रहे हैं?

क प्रतिष्ठा पाने के लिए    ख मौज मस्ती के लिए

ग प्रतियोगिता में ठहरने के लिए    घ अंधे प्रतिष्ठा मोह के लिए।

2- छद्म आधुनिकता से क्या आशय है

क नकली आधुनिकता    ख छाई हुई आधुनिकता

ग झूठा अनुकरण करना।    घ आधुनिकता का अंधा अनुकरण ।

3- हम दिग्भ्रमित क्यों हो रहे हैं?

क प्रचार के कारण    ख अंधा अनुकरण के कारण

ग विज्ञापनों के कारण    घ अपनी संस्कृति के क्षीण होने के कारण ।

4-, हमारे समाज को कौन चला रहा है



https://www.evidyarthi.in/

क पश्चिमी अंधानुकरण ख पश्चिमी संस्कृति

ग अन्य समाज घ विज्ञापन और प्रसार माध्यम।

5- विज्ञापन और प्रसार तंत्र हमें किस प्रकार प्रभावित कर रहे हैं ?

क हुए हमें भोगी बना रहे हैं ख हुए हमारी मानसिकता बदल रहे हैं

ग वह हमें सम्मोहित कर रहे हैं। घ वह हमें गलत दिशा में ले जा रहे हैं।

प्रश्न -3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए1×3=3

क मुंशी प्रेमचंद ने गधे का छोटा भाई किसे कहा है?

ख गया कौन था ?

ग हीरा और मोटी ने क्या कसम खाई?

प्रश्न 4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।1+1+1+1=4

क तिब्बत में डांडे किसे कहते हैं।

ख तिब्बत के मार्ग में आदमी कम क्यों दिखाई देते हैं?

ग लेखक के अनुसार जीवन में सुख से क्या अभिप्राय है?

घ भारत में अशांति और आक्रोश का कारण क्या है? .

प्रश्न 5- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए. 2×2=4

क किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया?

ख वृंदावन में कृष्ण की मुरली का जादू हमेशा क्यों बना रहता है

प्रश्न --6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए. 1×3=3 ।

क- मानसरोवर से क्या आशय है?

ख- सुभर जल का प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए।

ग हंस किसका प्रतीक है ?

प्रश्न -6-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए 2×5=10

क- वाख के अनुसार मनुष्य संभावी कब बनेगा?

ख-ललदध के अनुसार मांझी और उतराई शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए।

ग-ब्रजभूम के प्रति कवि का प्रेम किन-किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

घ रसखान पशु बनाकर कहां बसेरा करना चाहते हैं?

ड - कवि ने कोकिल के बोलने के किन कारणों की संभावना बताई ?

च- 2 बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे?

**अथवा**

मृत्यु का तरल दूत किसे कहा गया है और क्यों ?

प्रश्न -7- आदर्श विद्यार्थी अथवा विद्यार्थी और अनुशासन पर एक अनुच्छेद लिखिए - 4 .



https://www.evidyarthi.in/